नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 48/2021
Dt- 18-01-2021

सचिव,

ग्रामीण कार्य विभाग,

बिहार, पटना।

18/1/21

विषयः— मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखण्ड स्थित बेलौंचा ग्राम पंचायत पथ निर्माण विभाग (एम.टी.ए.) मुख्य पथ से स्व0 कारी साहु के घर से ग्राम पूरे रामचन्द्रा होते हुए सिकरिया मुख्य सड़क तक एवं पूरे मोहना टोल होते हुए श्री डोमन महतो के घर तक जाने वाली सड़क को प्राथमिकता के आधार पर पूनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण कराने के संबंध में।

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर में लखनौर प्रखंड के बेलौंचा ग्राम पंचायत में पथ निर्माण विभाग की सड़क मधेपुर–तमुरिया–अंधराठाढ़ी जानेवाली (एम.टी.ए.) मुख्य पथ पर उपरोक्त जगहों से जाने वाली दोनों सड़क जर्जर अवस्था में हैं, जिससे लोगो के आवागमन में परेशानी होती हैं। उपरोक्त सड़क स्थानीय निवासियों के आवागमन का एकमात्र सडक हैं, जो प्रखंड मुख्यालय, रेल्वे स्टेशन, अनुमंडल कार्यालय एवं अन्य मुख्य जगहों को जोड़ती हैं। जनहित में उक्त सड़कों का पूनर्निर्माण/सुद्ढ़ीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराना आवश्यक हैं। ज्ञात हो कि निम्नलिखित दोनों सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन हैं।

1. लखनौर प्रखंड के ग्राम पंचायत बेलौंचा में पथ निर्माण विभाग की सड़क मधेपुर–तमुरिया–अंधराठाढ़ी (एम.टी.ए.) मुख्य सड़क में बेलौंचा स्व0 कारी साहु घर के निकट से ग्राम पूरे रामचन्दरा से होते हुए सिकरिया मुख्य सड़क तक जाने वाली सड़क का निर्माण।
2. लखनौर प्रखंड के ग्राम पंचायत बेलौंचा में पथ निर्माण विभाग की सड़क मधेपुर–तमुरिया–अंधराठाढ़ी (एम.टी.ए) मुख्य सड़क से पूरे मोहना टोल होते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क श्री डोमन महतो के घर तक जानेवाली सड़क का निर्माण।

अतः अनुरोध है कि जनहित में उपरोक्त दोनों सड़को के पूनर्निर्माण/सुद्ढ़ीकरण_प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय,

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 18-1-2021

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com